ॐ

श्रीशिवमहिम्नः स्तोत्रम्

त्रयी सांख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति
प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पथ्यमिति च ।
रुचीनां वैचित्र्याद् ऋजुकुटिलनानापथजुषां
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव ॥

—श्री निरञ्जनपीठाधीश्वर
यतीन्द्र
स्वामी कृष्णानन्दगिरिजी महाराज
आचार्य महामण्डलेश्वर

ॐ

श्रीशिवमहिम्नः स्तोत्रम्

स्वामीजी से मुझे प्राप्त

श्रीनिरञ्जनपीठाधीश्वर आचार्यमहामण्डलेश्वर
श्री श्री १००८ यतीन्द्र स्वामी
श्री कृष्णानन्द गिरिजी महाराज
द्वारा प्रकाशित

स्वामीजी से मुझे प्राप्त

वि २०३८

श्री श्री १००८ आचार्यमहामण्डलेश्वर
ब्रह्मीभूत
श्री स्वामी नृसिंह गिरि जी महाराज

श्री शिव आरती

नमोऽस्त्वनन्ताय सहस्रमूर्तये सहस्रपादाक्षिशिरोरूबाहवे ।
सहस्रनाम्ने पुरुषाय शाश्वते सहस्रकोटीयुगधारिणे नमः ॥

ॐ जय गङ्गाधर हर शिव जय गिरिजाधीश
शिव जय गौरीनाथ त्वं मां पालय नित्यं
त्वं मां पालय शंभो कृपया जगदीश ॥
ॐ हर हर हर महादेव ।

कैलासे गिरिशिखरे कल्पद्रुमविपिने शिव कल्प०
गुञ्जति मधुकरपुञ्जे गुञ्जति मधुकरपुञ्जे कुञ्जवने गहने ।
कोकिल कूजति खेलति हंसावलि ललिता शिव हंसा०
रचयति कलाकलापं रचयति कलाकलापं नृत्यति मुदसहिता ॥
ॐ हर हर हर महादेव ॥ १ ॥

तस्मिंल्ललितसुदेशे शालामणि रचिता शिवशाला०
तन्मध्ये हरनिकटे तन्मध्ये शिवनिकटे गौरी मुदसहिता ।
क्रीडां रचयति भूषां रञ्जित निजमीशं शिव रञ्जित०
इन्द्रादिकसुरसेवित ब्रह्मादिकसुरसेवित प्रणमति ते शीर्षम् ॥
ॐ हर हर हर महादेव ॥ २ ॥

विबुधवधूर्बहु नृत्यति हृदये मुदसहिता शिव हृदये०
किन्नर गायन कुरुते किन्नर गायन कुरुते सप्तस्वर सहिता ।
धिनकत थै थै धिनकत मृदङ्ग वादयते शिव मृदङ्ग०
क्वण क्वण ललिता वेणु क्वण क्वण ललिता वेणु मधुरं नादयते ॥
ॐ हर हर हर महादेव ॥ ३ ॥

रुण रुण चरणे रचयति नूपुरमुज्ज्वलितं शिव नूपुर०
चक्रावर्ते भ्रमयति चक्रावर्ते भ्रमयति कुरुते तांधिकताम् ।
तां तां लुप चुप तालं नादयते शिव तालं०
अङ्गुष्ठाङ्गुलिनादं अङ्गुष्ठाङ्गुलिनादं लास्यकतां कुरुते ॥
ॐ हर हर हर महादेव ॥ ४ ॥

कर्पूरद्युतिगौरं पञ्चाननसहितं शिवपञ्चा०
त्रिनयनशशिधरमौलिः त्रिनयनशशिधरमौलिःविषधरकंठयुतम् ।
सुन्दरजटाकलापं पावकयुतभालं शिव पावकशशिभालं
डमरुत्रिशूलपिनाकं डमरुत्रिशूलपिनाकं करधृतनृकपालम् ॥
ॐ हर हर हर महादेव ॥ ५ ॥

शंखनिनादं कृत्वा झल्लरि नादयते शिव झल्लरि०
नीराजयते ब्रह्मा नीराजयते विष्णुर्वेदऋचां पठते ।
इति मृदुचरणसरोजं हृदिकमले धृत्वा शिव हृदि०
अवलोकयति महेशं शिवलोकयति सुरेशं इशं ह्यभि..नत्वा ॥
ॐ हर हर हर महादेव ॥ ६ ॥

रुण्डैः रचयति मालां पन्नगमुपवीतं शिव पन्न०
वामविभागे गिरिजा वामविभागे गौरी रूपं अतिललितम् ।
सुन्दर सकलशरीरे कृतभस्माभरणं शिव कृत०
इति वृषभध्वजरूपं हर शिवशंकररूपं तापत्रयहरणम् ॥
ॐ हर हर हर महादेव ॥ ७ ॥

ध्यानं आरती समये हृदये इतिकृत्वा शिव हृदये०
रामं त्रिजटानाथं शंभु त्रिजटानाथं ईशं ह्यभिनत्वा ।
संगीतमेवं प्रतिदिनपठनं यः कुरुते शिव पठनं०
शिवसायुज्यं गच्छति हरसायुज्यं गच्छति भक्त्या यः शृणुते ॥
ॐ हर हर हर महादेव ॥ ८ ॥

ॐ जय गङ्गाधर हर शिव जय गिरिजाधीश
शिव जय गौरीनाथ त्वं मां पालय नित्यं
त्वं मा पालय शम्भो कृपया जगदीश ॥
ॐ हर हर हर महादेव ।

ॐ शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं
विश्वाधारं गगनसदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम् ।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यानगम्यं
वन्दे विष्णुं भवभयहरं सर्वलोकैकनाथम् ॥

अर्थ—शान्त रूप, शेषनाग पर सोने वाले, नाभि में कमल वाले, सारे देवताओं के अधिपति, समस्त लोकों के आधार, आकाश के समान व्यापक, वादल के रंग वाले, सुन्दर अवयवों वाले, लक्ष्मी के पति, कमल के समान नेत्र वाले, योगियों के ध्येय, संसार रूपी दुःख को दूर करने वाले, सारे लोकों के नाथ भगवान् विष्णु को मैं नमस्कार करता हूँ।

वन्दे देवमुमापतिं सुरगुरुं वन्दे जगत्कारणं
वन्दे पन्नगभूषणं मृगधरं वन्दे पशूनां पतिम् ।
वन्दे सूर्यशशाङ्कवह्निनयनं वन्दे मुकुन्दप्रियं
वन्दे भक्तजनाश्रयं च वरदं वन्दे शिवं शङ्करम् ॥

पार्वती के प्राणवल्लभ, देवताओंके आदिगुरु, संसार को उत्पन्न करने वाले, सर्परूपी गहनों वाले, हाथ में मृग को रखने वाले, जीवरूपी पशुओं के अधीश्वर, सूर्य चन्द्र और अग्नि का तीन नेत्र में धारण करने वाले, भगवान् विष्णु को प्रिय, भक्तजनों के आश्रय और उनकी सफल कामनाओं को पूर्ण करने वाले मङ्गलमय भगवान् शंकर को अत्यन्त नमस्कार करता हूँ।

शान्तं पद्मासनस्थं शशिधरमुकुटं पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रं
शूलं वज्रं च खड्गं परशुमभयदं दक्षिणाङ्गे वहन्तम् ।
नागं पाशं च घण्टां डमरुकसहितं सांकुशं वामभागे
नानालङ्कारदीप्तं स्फटिकमणिनिभं पार्वतीशं नमामि ।।

मन को पूर्ण स्थिर किये हुए, पद्मासन में बैठे हुए, चन्द्रमा को मुकुट बनाये हुए, ईशान, अघोर, तत्पुरुष, वामदेव और सद्योजात रूपी पाँच मुखवाले, तीन आँखों वाले, दाहिने हाथों में शूल, वज्र, तलवार, फरसा और अभय मुद्रा एवं वायें हाथों में सर्प, पाश, घण्टा, डमरु और अङ्कुश धारण करने वाले, अनेक अलंकारों से सुशोभित, स्फटिकमणि के समान वर्ण वाले पार्वतीपति भगवान् शंकर को मैं नमस्कार करता हूँ ।

कर्पूरगौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेन्द्रहारम् ।
सदा वसन्तं हृदयारविन्दे भवं भवानीसहितं नमामि ।।

कर्पूर के रङ्ग वाले, करुणा के अवतार, संसार के सारतत्त्व, सर्पराज को गले का हार बनाने वाले, पार्वती के साथ हमेशा हृदयकमल में रहने वाले भगवान् शङ्कर को नमस्कार करता हूँ ।

असितगिरिसमं स्यात्कज्जलं सिन्धुपात्रे
सुरतरुवर-शाखा-लेखनीं पत्रमुर्वी ।
लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं
तदपि तव गुणानामीश पारं न याति ।।

(इसका अर्थ महिम्नःस्तोत्र के ३२वें श्लोक के नीचे देखें)

त्वमेव माता च पिता त्वमेव त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव ।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव त्वमेव सर्वं मम देव देव ।।

श्री श्री १००८ आचार्यमहामण्डलेश्वर
श्री स्वामी महेशानन्द गिरि जी महाराज

हे परमेश्वर ! आप ही हमारे माता, पिता, मित्र, विद्या, धन हैं—थोड़े में आप ही हमारे सब कुछ हैं।

करचरणकृतं वाक्कायजं कर्मजं वा
श्रवणनयनजं वा मानसं वाऽपराधम् ।
विदितमविदितं वा सर्वमेतत्क्षमस्व
जय जय करुणाब्धे ! श्रीमहादेव ! शम्भो !

हे महादेव ! हाथ, पैर, वाणी, शरीर, कर्म, कान, नेत्र आदि ज्ञानेन्द्रियों या मन से जानकर या अनजान में किये हुए सभी अपराधों को आप क्षमा करें। हे करुणा के समुद्र शिवजी ! आपकी जय हो।

चन्द्रोद्भासितशेखरे स्मरहरे गङ्गाधरे शङ्करे
सर्पैर्भूषितकण्ठकर्णविवरे नेत्रोत्थवैश्वानरे ।
दन्तित्वक्कृतसुन्दराम्बरधरे त्रैलोक्यसारे हरे
मोक्षार्थं कुरु चित्तवृत्तिमचलामन्यैस्तु किं कर्मभिः ॥

हे भक्तगण ! चन्द्र से प्रकाशित सिरवाले, कामदेव के नाश करनेवाले सिर में गंगा को धारण करनेवाले, सर्पों का हार और कुण्डल पहननेवाले अग्निरूपी तीसरी आंखवाले, गजचर्म का सुन्दर परिधान करनेवाले, तीनों लोकों के सार रूप, पापों को हरनेवाले भगवान् शंकर में मोक्ष की प्राप्ति के लिए अपने मन को स्थिर करिये। दूसरे कर्मों से कोई भी लाभ नहीं है।

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि
तन्नो रुद्रः प्रचोदयात् ।

हम उस परमात्माको जानें और उनका ध्यान करें ऐसा वे हमें प्रेरित करें।

मन्त्रपुष्पाञ्जलि

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
तेह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्यास्सन्ति देवाः ॥

देवसदृश महापुरुषों ने पूजा, दान यज्ञादि के द्वारा परमेश्वर की प्रसन्नता प्राप्त करके उन प्रधान धर्मों के आचरण के द्वारा महान् स्वर्ग पद को प्राप्त किया, जहाँ कि पहले की साधना के फलस्वरूप देवगण जाते हैं।

ॐ राजाधिराजाय प्रसह्यसाहिने नमो वयं वैश्रवणाय कुर्महे।
समे कामान् कामकामाय मह्यं कामेश्वरो वैश्रवणो ददातु।
कुबेराय वैश्रवणाय महाराजाय नमः।

बलपूर्वक अपनी आज्ञा को मनानेवाले राजाधिराज कुबेर को हम नमस्कार करते हैं। वे कामनाओं को पूर्ण करनेवाले कुबेर मेरी कामनाओं को पूर्ण करें। विश्रवा के पुत्र महाराज कुबेर को नमस्कार है।

ॐ विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वतस्पात्।
सम्बाहुभ्यां धमति सम्पतत्रैर्द्यावाभूमी जनयन् देव एकः ॥

सारे ही प्राणियों की ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों वाला परमेश्वर पशु-मनुष्यादि को हाथों पैरों से एवं पक्षि पतंगादि को परों से युक्त करता है। उनके रहने का स्थान जमीन आकाशादि भी वही एक परमात्मा बनाता है।

नानासुगन्धपुष्पाणि यथाकालोद्भवानि च।
पुष्पाञ्जलिं मया दत्तं गृहाण परमेश्वर ! ॥

मेरे द्वारा दिये हुए समयानुकूल उत्पन्न अनेक प्रकार की सुगन्धिवाले पुष्पों को और पुष्पाञ्जलि को हे महादेव ! आप ग्रहण करिये।

श्री श्री १००८ आचार्यमहामण्डलेश्वर
श्री स्वामी यतीन्द्र कृष्णानन्द गिरि जी महाराज

यति पूजा मन्त्र

ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरंगैस्तुष्टुवांसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः । स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः । स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥

ॐ नमः कमलनाभाय नमस्ते जलशायिने ।
नमस्ते केशवानन्त वासुदेव नमोऽस्तु ते ॥

वासनाद् वासुदेवस्य वासितं भुवनत्रयम् ।
सर्वभूतनिवासोऽसि वासुदेव नमोऽस्तु ते ॥

ॐ वेदान्त-विज्ञान-सुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगद्यतयः शुद्धसत्त्वाः ।
ते ब्रह्मलोकेषु परान्तकाले परामृतात् परिमुच्यन्ति सर्वे ॥

आचार्यपुष्पाञ्जलि

ॐ नमोऽस्त्वनन्ताय सहस्रमूर्तये सहस्रपादाक्षिशिरोरूबाहवे ।
सहस्रनाम्ने पुरुषाय शाश्वते सहस्रकोटीयुगधारिणे नमः ॥१॥

विष्णुब्रह्मेन्द्रदेवैः रजतगिरितटात्प्रार्थितो योऽवतीर्य
शाक्याद्युद्दामकण्ठीरवनखरकराघातसञ्जातमूर्च्छाम् ।
छन्दोधेनुं यतीन्द्रः प्रकृतिमगमयत् सूक्तिपीयूषवर्षैः
सोऽयं श्रीशङ्करार्यो भवदवदहनात्पातु लोकानजस्रम् ॥२॥

(सान्वयार्थं)

शब्द		अर्थ
यः	=	जो (दक्षिणामूर्ति भगवान् सदाशिव)
विष्णुब्रह्मे-न्द्रदेवैः	=	भगवान् विष्णु प्रजापति ब्रह्मा देवराज इन्द्र आदि द्वारा
प्रार्थितः	=	अनुनय पूर्वक आवेदन करने पर
रजतगिरि-तटात्	=	कैलास पर्वत से
अवतीर्य	=	आकर (पृथ्वी पर अवतार लेकर)
सूक्ति-पीयूष वर्षैः ।	=	भाष्य प्रकरणादि-रूपी अमृत की वर्षा से
शाक्याद्युद्दाम-कण्ठीरवन-खरकराघात-संजातमूर्च्छाम्	=	बौद्ध, जैन, चार्वाक, कापालिक, पाञ्चरात्र आदि नास्तिकों रूपी सिंहों के नाखून वाले पञ्जों से बेहोश हुई
छन्दोधेनुम्	=	वेदरूपी गाय को
प्रकृतिम्	=	पुनः पूर्व स्वाभाविक प्रतिष्ठा को (पुनर्जीवित किया)
अगमयत्	=	ले गये
अयम्	=	ये
सः	=	प्रसिद्ध (स्वनामधन्य)
यतीन्द्रः	=	परमहंस संन्यासियों के मूर्धन्य
श्रीशङ्क-रार्यः	=	श्री शङ्करभगवत् पादाचार्य
लोकान्	=	समस्त लोकों को लोकों में रहनेवाले प्राणियों को
भव-दव दहनात्	=	जन्म मरणादि रूपी आग की जलन से
अजस्रम्	=	हमेशा
पातु	–	बचायें

[जब सनातन धर्म बौद्ध, जैन, चार्वाकादि नास्तिकों के आघात से लुप्तप्राय हो गया और देवताओं की पूजा यज्ञादि बन्द हो गये तो उन्होंने अपनी रक्षा के लिए भगवान् शंकर से कातर होकर प्रार्थना की । दयामय प्रभु ने आचार्य कुमारलभट्ट के रूप में अपने पुत्र कार्तिकेय स्वामी को भेजकर वेदों के पूर्व काण्ड का उद्धार करवाया और फिर स्वयं शंकराचार्य रूप से अवतार लेकर उत्तरकाण्ड का उद्धार किया ।

पूर्णः पीयूषभानुर्भवमरुतपनोद्दामतापाकुलानाम्
प्रौढाज्ञानान्धकारावृतविषमपथभ्राम्यतामंशुमाली ।
कल्पः शाखी यतीनां विगतधनसुतादीषणानां सदा नः
पायाच्छ्रीपद्मपादादिममुनिसहितः श्रीमदाचार्यवर्यः ॥३॥

भव-मरुतप-नोद्दामतापा-कुलानाम् = जनम मरण रूपी मरूभूमि में आध्यात्मिक आधिभौतिक, आधिदैविकादि तीनों ज्वरों के भीषण ताप से घबराये हुए लोगों के लिए

पूर्णः = पूर्ण

पीयूषभानुः = चन्द्रमा (सभी ज्वरों की शान्ति-रूपी अमृतवर्षक)

प्रौढाज्ञाना-न्धकारावृत-विषमपथ-भ्राम्यताम् = बहुत गाढ़ अज्ञान रूपी अन्धकार से ढके हुए भयानक रास्तों में भटकते हुए के लिए

अंशुमाली = सूर्य (अज्ञान नाशक ज्ञान स्वरूप)

विगत-धन-सुतादीषणा-नाम् = धन-घर-स्त्री आदि-समस्त लौकिक इच्छाओं को छोड़ने वाले

यतीनाम् = परमहंस परिव्राजकों के लिए

कल्पः शाखी = कल्पवृक्ष (की तरह उनकी सारी भौतिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं को पूरा करने वाले)

श्रीपद्मपादा-दिममुनिस-हितः = श्रीपद्मपादाचार्य आदि अपने सभी शिष्यों के साथ

श्रीमत् = ब्रह्मविद्या रूपी धन वाले

आचार्यवर्यः = आचार्यों में श्रेष्ठ (श्री भाष्यकार)

नः = हमारी

सदा = हमेशा

पायात् = रक्षा करें

[सूर्य और चन्द्रमा एक दूसरे के साथ कभी नहीं रहते परन्तु भगवान् भाष्यकार में दोनों एक साथ ही हैं क्योंकि ब्रह्मानन्द रूपी अमृत और ज्ञान-रूपी प्रचण्ड भास्कर दोनों ही एकत्र हैं। उसी प्रकार इच्छा रहितों की इच्छापूर्ण करने वाले हैं। यह विरोधाभास है।]

ब्रह्मानन्दं परमसुखदं केवलं ज्ञानमूर्तिं
द्वन्द्वातीतं गगनसदृशं तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम्।
एकं नित्यं विमलमचलं सर्वधीसाक्षिभूतं
भावातीतं त्रिगुणरहितं सद्गुरुं तं नमामि ॥४॥

ब्रह्मानन्दम्	= अनन्त आनन्द स्वरूप	एकम्	= किसी भी अवयव से रहित
परमसुखदम्	= मोक्षरूपी निरतिशय सुख को देने वाले	नित्यम्	= भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों काल में एकसे रहनेवाले
केवलम्	= अज्ञान और उनके कार्य से अछूत	विमलम्	= दोष रहित
		अचलम्	= सारी क्रियाओं से रहित
ज्ञानमूर्तिम्	= ज्ञानरूपी शरीरवाले		
द्वन्द्वातीतम्	= राग-द्वेष, काम-क्रोध इत्यादि जोड़ों से रहित	सर्वधीसाक्षिभूतम्	= समस्त बुद्धियों के साक्षी रूप
		भावातीतम्	= जन्म रहित
गगनसदृशम्	= आकाश के समान सर्वत्र व्यापक	त्रिगुणरहितम्	= सत्त्व, रज और तमोगुण से रहित
तत्त्वमस्यादिलक्ष्यम्	= जीव और ईश्वर की एकता प्रतिपादित करने वाले वैदिक वाक्यों के अर्थ रूप	तम्	= उन
		सद्गुरुम्	= सद्गुरु को
		नमामि	= मैं प्रणाम करता हूँ।

नारायणं पद्मभवं वशिष्ठं शक्तिं च तत्पुत्रपराशरं च
व्यासं शुकं गौडपदं महान्तं गोविन्दयोगीन्द्रमथास्य शिष्यम् ।
श्रीशङ्कराचार्यमथास्य पद्मपादं च हस्तामलकं च शिष्यं
तं तोटकं वार्तिककारमन्यानस्मद्गुरून्सन्ततमानतोऽस्मि ।।५।।

नारायणम्	=	भगवान् नारायण
पद्मभवम्	=	भगवान् ब्रह्मा ये दोनों देवताओं में अद्वैत ज्ञान के प्रवर्तक हैं ।
वसिष्ठम्	=	महर्षि वसिष्ठ ये ऋषियों में श्रेष्ठ अद्वैतवादी हैं। योग-वसिष्ठ महारामायण में आदि कवि वाल्मीकि ने आपके राम के प्रति किये हुए उपदेशों को संग्रह किया है ।
शक्तिम्	=	ब्रह्मर्षि शक्ति (सत्य-युग के वेदान्ताचार्य)
च	=	और
तत्पुत्रपरा-शरम्	=	उनके पुत्र ब्रह्मर्षि पराशर (त्रेतायुग के वेदान्ताचार्य)
च	=	और
व्यासम्	=	भगवान् कृष्ण-द्वैपायन वेद-व्यास (द्वापर युग के वेदान्ताचार्य, ब्रह्म-सूत्र के प्रणेता एवं पुराणों और महाभारत द्वारा वेदान्त रहस्य को सुगम करने वाले)
शुकम्	=	परमहंस श्री शुकदेवजी (अद्वैत के मूर्तरूप)
महान्तम् गौडपदम्	=	भगवान् गौड़पादाचार्य (कलियुग में वेदान्त के प्रथम आचार्य, माण्डूक्योपनिषद पर कारिकाओं के कर्ता)
गोविन्द-योगीन्द्रम्	=	संन्यासी मण्डल के अधीश्वर गोविन्द-पादाचार्यजी

अथ = और इनके वाद
अस्य = इनके
शिष्यम् = शिष्य
श्री शङ्कराचार्यम् = भगवान् सदाशिव के साक्षात् अवतार श्री शङ्करभगवत्पादाचार्य
अथ = और
अस्य = इनके
शिष्यम् = (प्रधान) शिष्यगण
पद्मपादम् = पद्मपादाचार्य (आपका नाम "आचार्य सनन्दन वन" है, ब्रह्मसूत्र-भाष्य पर "पञ्चपादिका" नामक टीका के बनानेवाले होने से आपको पञ्चपादिकाचार्य भी कहते हैं आप भगवान् विष्णु के अवतार हैं।)
हस्तामलकम् = हस्तामलकाचार्य (आपका नाम "आचार्य पृथ्वीधर तीर्थ" है। आपका "हस्तामलकस्तोत्र" वेदान्त की अति प्रौढ रचना है।)
तोटकम् = तोटकाचार्य (आपका नाम "आचार्य आनन्दगिरि" है। गुरु सेवा से ही आपको समस्त विद्या की प्राप्ति हुई थी। तोटकछन्द में ही "श्रुतिसारसमुद्धरण" आदि ग्रन्थों को बनाने के कारण आपको तोटकाचार्य कहते हैं। आप देवगुरु बृहस्पति के अवतार हैं)
च = और
तम् = उस स्वनामधन्य
वार्तिककारम् = सुरेश्वराचार्य (आपका नाम "आचार्य विश्वरूप भारती" है भगवान् ब्रह्मा के अवतार होने से आप 'सुरेश्वर' नाम

से ही प्रसिद्ध हैं : वृहदारण्यकभाष्य और तैत्तरीयभाष्य आदि पर "वार्तिक" लिखने के कारण आपको वार्तिककार भी कहते हैं)

च = और

अन्यान् = अन्य सभी वेदान्त सम्प्रदायाचार्य

अस्मद्गुरून् = हमारे गुरु लोगों को

सन्ततम् = नित्य निरन्तर

आनतः = मन से, वाणी से और शरीर से नमस्कार करता

अस्मि = हूँ ।

विश्वं दर्पणदृश्यमाननगरीतुल्यं निजान्तर्गतं
पश्यन्नात्मनि मायया बहिरिवोद्भूतं यथा निद्रया ।
यः साक्षात्कुरुते प्रबोधसमये स्वात्मानमेवाद्वयं
तस्मै श्रीगुरुमूर्तये नम इदं श्रीदक्षिणामूर्तये ॥६॥

यः = जो (परमात्मा)

निद्रया इव = निद्रा दोष की तरह

मायया = माया की अघटित घटना शक्ति के द्वारा

आत्मनि = आत्मा में

निजान्तर्गतम् = अपने अन्दर ही होने वाले

विश्वम् = संसार को

बहिः = अपने से बाहर

उद्भूतम् = उत्पन्न हुए

यथा = की तरह

दर्पणदृश्यमाननगरीतुल्यम् = शीशे में दिखने वाले शहर के समान

पश्यन् = देखता हुआ

प्रबोधसमये = जागने पर (ज्ञान हो जाने पर)

अद्वयम् = अखण्ड और भेद रहित

एव = ही

स्वात्मानम् = अपने आपका प्रत्यक्षानुभाव करता है

तस्मै = उन वेदान्त और संन्यासियों के प्रथम आचार्य

श्रीगुरुमूर्तये = गुरु रूपधारी

श्रीदक्षिण-मूर्तये = श्रीदक्षिणामूर्ति भगवान् का

इदम् = यह

नमः = हमारा किया हुआ नमस्कार स्वीकार हो ।

[सृष्टि के आदि में सनत्कुमारों ने निवृत्तिमार्ग जा आश्रय लिया । वे जब भगवान् सदाशिव को गुरु बनाने के लिए गये तो भगवान् ने दक्षिणामूर्ति रूप लेकर उन्हें चिन्मुद्रा से उपदेश दिया । अतः वे ही निवृत्ति मार्ग के प्रवर्तक परमहंस परिव्राजकाचार्य हैं ।]

अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम् ।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।७।।

येन = जिसने

अखण्डमण्ड-लाकारम् = सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को

चराचरम् = और उसके अन्दर के समस्त जड़ चेतन को

व्याप्तम् = व्याप्त किया है

तत्पदम् = उस परम पद (ब्रह्म) को

येन = जिन्होंने

दर्शितम् = मुझे प्रत्यक्ष दिखला दिया

तस्मै = उन

श्री गुरवे = श्री गुरुदेव को

नमः = (मेरा) सर्व भाव से नमस्कार है ।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात्परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः ।।८।।

गुरु = गुरु
ब्रह्मा = ब्रह्मा (शिष्य को उपदेश द्वारा आत्म-साक्षात्कार उत्पन्न कराने वाले) हैं।
गुरुः = गुरु
विष्णुः = विष्णु (उत्पन्न हुए साक्षात्कार की वादी प्रतिवादियों से रक्षा करने वाले) हैं।
गुरुः = गुरु
देवः = स्वयं प्रकाश रूप
महेश्वरः = महेश्वर (ज्ञानरूपी प्रकाश से अज्ञान को जड से नष्ट करने वाले) हैं।
गुरुः = गुरु
साक्षात् = प्रत्यक्ष दीखने वाले
परम् = निर्विशेष
ब्रह्म = परमात्मा हैं
तस्मै = एसे उन सर्वोत्कृष्ट
श्रीगुरवे = श्री गुरुदेव को
नमः = नमस्कार है ।

श्रुतिस्मृतिपुराणानामालयं करुणालयम् ।
नमामि भगवत्पादं शङ्करं लोकशङ्करम् ॥९॥

श्रुतिस्मृति-पुराणानाम् = वेद स्मृति पुराणादि शास्त्रों के
आलयम् = आश्रय
करुणालयम् = करुणासागर
लोकशङ्करम् = समस्त प्राणीवर्ग का कल्याण करनेवाले
शङ्करम् = आचार्य श्रीशङ्कर
भगवत्पादम् = भगवत्पाद को
नमामि = मैं नमस्कार करता हूँ ।

शङ्करं शङ्कराचार्यं केशवं बादरायणम् ।
सूत्रभाष्यकृतौ वन्दे भगवन्तौ पुनः पुनः ॥१०॥

सूत्रभाष्य-कृतौ = ब्रह्मसूत्र और उसके भाष्य को बनाने वाले
भगवन्तौ = समस्त ज्ञान धर्म ऐश्वर्य वैराग्यादि वाले

केशवम् = भगवान् विष्णु के अवतार
बादरायणम् = वेदव्यास को (और)
शङ्करम् = भगवान् शङ्कर के अवतार
शङ्कराचार्यम् = आचार्य शङ्कर भगवान् को
पुनः पुनः = बारम्बार
वन्दे = मैं नमस्कार करता हूँ।

ईश्वरो गुरुरात्मेति मूर्तिभेदविभागिने।
व्योमवद्व्याप्तदेहाय दक्षिणामूर्तये नमः ॥११॥

ईश्वरः = जिस तत्त्व का उपदेश दिया जाता है
गुरुः = उपदेश देने वाला
आत्मा = उपदेश लेने वाला,
इति = इन (तीनों के)
मूर्तिभेद-विभागिने = अलगपने को मिटाने वाले
व्योमवत् = आकाश के समान
व्याप्तदेहाय = व्याप्त शरीरवाले
दक्षिणामूर्तये = श्री दक्षिणामूर्ति शरीरधारी भगवान् सदाशिव को
नमः = नमस्कार है।

ॐ यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः..................
नाना सुगन्धपुष्पाणि यथाकालोद्भवानि च।
पुष्पाञ्जलिम या दत्तं गृहाण परमेश्वर ॥

श्रीशिवमहिम्नःस्तोत्रम्

ॐ गजाननं भूतगणाधिसेवितं कपित्थजम्बूफलचारुभक्षणम् ।
उमासुतं शोकविनाशकारकं नमामि विघ्नेश्वरपादपङ्कजम् ॥

कपित्थ-जम्बू = कैथ और जामुन
फल-चारु के सुन्दर फलों को
भक्षणम् खाने वाले
गजाननम् = हाथी के मुख वाले
भूतगणाधि- = भूतगणों से
सेवितम् पूजित
उमासुतम् = पार्वती के पुत्र (गणेशजी) को

नमामि = मैं नमस्कार करता हूँ
शोक-विनाश- = संसार रूपी शोक
कारकम् को नष्ट करने वाले
विघ्नेश्वरपाद- = गणेशजी के चरण
पङ्कजम् कमलों को
नमामि = मैं नमस्कार करता हूँ

महिम्नः पारं ते परमविदुषो यद्यसदृशी
स्तुतिर्ब्रह्मादीनामपि तदवसन्नास्त्वयि गिरः ।
अथावाच्यः सर्वः स्वमतिपरिणामावधि गृणन्
ममाप्येष स्तोत्रे हर ! निरपवादः परिकरः ॥१॥

महिम्नः पारं ते परम् अविदुषः यदि असदृशी
स्तुतिः ब्रह्मादीनाम् अपि तद् अवसन्नाः त्वयि गिरः ।
अथ अवाच्यः सर्वः स्वमतिपरिणामावधि गृणन्
मम अपि एषः स्तोत्रे हर निरपवादः परिकरः ॥

हर ! = हे पापों को हरने वाले !
ते = आपको
महिम्नः = महिमा
परम् = अन्तिम
पारम् = सीमा को
अविदुषः = नहीं जाननेवाले का
स्तुतिः = स्तवन
यद्द = अगर
असदृशी = जैसा होना चाहिए वैसा नहीं है
तद् = तो
ब्रह्मादीनाम् = ब्रह्मा, विष्णु इन्द्रादिक का
अपि = भी
गिरः = स्तवन
त्वयि = आपके

अवसन्नाः = अयोग्य ही है। (क्योंकि वे भी आपको पूर्ण रूप से नहीं जानते)
अथ = यदि (ऐसा कहो कि)
सर्वः = सभी लोग
स्वमतिपरिणामावधि = अपनी बुद्धि की पहुँच तक
गृणन् = स्तवन करने पर
अवाच्यः = दोष देने योग्य नहीं है
मम अपि = (तब तो) मेरा भी
स्तोत्रे = स्तवन करने का
एषः = यह
परिकरः = प्रयत्न
निरपवादः = दोष रहित ही है।

अतीतः पन्थानं तव च महिमा वाङ्मनसयो-
रतद्व्यावृत्त्या यं चकितमभिधत्ते श्रुतिरपि।
सः कस्य स्तोतव्यः कतिविधगुणः कस्य विषयः
पदे त्वर्वाचीने पतति न मनः कस्य न वचः ॥२॥

अतीतः पन्थानम् तव च महिमा वाङ्मनसयोः
अतद्व्यावृत्त्या यं चकितम् अभिधत्ते श्रुतिः अपि।
सः कस्य स्तोतव्यः कतिविधगुणः कस्य विषयः
पदे तु अर्वाचीने पतति न मनः कस्य न वचः ॥

तव = आपकी
महिमा = बड़ाई
वाङ्मनसयोः = वाणी और मन की
पन्थानम् = पहुँच से
अतीतः = दूर है
च = ही (क्योंकि)
यं = जिसका (वर्णन)
श्रुतिः = वेद
अपि = भी
चकितम् = डरकर
अतद्व्यावृत्त्या[1] = निषेध मुख से
अभिधत्ते = करता है
सः = वह
कस्य = किसकी
स्तोतव्यः = स्तुति का विषय हो सकता है (क्योंकि)
कतिविधगुणः = (उसके सगुण रूप में कौन से गुण नहीं हैं) (अर्थात्-अनन्त गुण हैं)
कस्य = (उसका निर्गुण रूप) किसी का किस वाणी या मनका
विषयः = विषय हो सकता है (फिर भी)
अर्वाचीने = भक्तोंपर कृपा करके धारण करने वाले
पदे = पञ्चमुखादि रूपों में
तु = तो
कस्य = किस प्राणी का
मनः = मन
न पतति = नहीं लगता है
वचः = (और) वाणी
न = नहीं
(पतति) = (प्रवेश करती।)

मधुस्फीता वाचः परमममृतं निर्मितवत-
स्तव ब्रह्मन् ! किं वागपि सुरगुरोर्विस्मयपदम् ।
मम त्वेतां वाणीं गुणकथनपुण्येन भवतः
पुनामीत्यर्थेऽस्मिन् पुरमथन बुद्धिर्व्यवसिता ॥३॥

---

१. वेद भी गलती न हो जाय इस भय से सगुणरूप का वर्णन तो "सर्वं खल्विदं ब्रह्म"—सभी कुछ ब्रह्म है—इस प्रकार और निर्गुणरूप का वर्णन "नेति नेति" वह यह सब नहीं हैं—इस प्रकार करता है ।

मधुस्फीता वाचः परमम् अमृतम् निर्मितवतः
तव ब्रह्मन् ! किं वाक् अपि सुरगुरोः विस्मयपदम् ।
मम तु एताम् वाणीं गुणकथनपुण्येन भवतः
पुनामि इति अर्थे अस्मिन् पुरमथन ! बुद्धिः व्यवसिता ॥

ब्रह्मन्	= हे व्यापक स्वरूप	तु	= तथापि
मधुस्फीता	= अत्यन्त मीठे शब्दों में सनी हुई	पुरमथन !	= हे त्रिपुरासुर को मारने वाले
परमम्	= सर्वोत्तम (और)		
अमृतम्	= मोक्ष द्वारा देने-वाली,	भवतः	= आपके
		गुणकथन-पुण्येन	= गुणों का वर्णन करने के पुण्य से
वाचः	= वेदवाणी की		
निर्मितवतः	= रचना करने वाले	एतां	= इस (अपनी)
तव	= आपको	वाणीं	= वाणी को
किं	= क्या	पुनामि	= पवित्र करता हूँ
सुरगुरोः	= ब्रह्मा जी की	इति	= इसलिए
वाक्	= वाणी	अस्मिन्	= इस स्तुतिरूप
अपि	= भी	अर्थे	= कार्य में
विस्मयपदम्	= आश्चर्य करा सकती है ? (अर्थात् नहीं करा सकती,)	मम	= मेरी
		बुद्धिः	= बुद्धि
		व्यवसिता	= लगी है ।

तवैश्वर्यं यत्तज्जगदुदयरक्षाप्रलयकृत्
त्रयीवस्तुव्यस्तं तिसृषु गुणभिन्नासु तनुषु ।
अभव्यानामस्मिन् वरद ! रमणीयामरमणीं
विहन्तुं व्याक्रोशीं विदधत इहैके जडधियः ॥४॥

तव ऐश्वर्यम् यत् तत् जगदुदयरक्षाप्रलयकृत्
त्रयीवस्तु व्यस्तम् तिसृषु गुणभिन्नासु तनुषु।
अभव्यानाम् अस्मिन् वरद ! रमणीयाम् अरमणीम्
विहन्तुम् व्याक्रोशीं विदधते इह एके जडधियः ॥

वरद ! = हे समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण करने वाले !

जगदुदयरक्षा-प्रलयकृत् = आकाशादि सभी जगत् की सृष्टि स्थिति और संहार करने वाला

त्रयीवस्तु = वेदों द्वारा प्रतिपादित

गुणभिन्नासु = सत्त्व, रज और तमोगुण के भेद से

तिसृषु = तीन (ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र)

तनुषु = मूर्तियों में

व्यस्तम् = बँटा हुआ (प्रकट किया हुआ)

यत् = जो

तव = आपका

ऐश्वर्यम् = ऐश्वर्य,

तत् = उसका

विहन्तुम् = खण्डन करने के लिए

इह = इस संसार में

जडधियः = मूढ़ बुद्धिवाले (जड़ पदार्थों पर ही सोचने वाले)

एके = कुछ लोग

अरमणीम् = नुकसान पहुँचाने वाले,

अस्मिन् = (परन्तु) इस ब्रह्माण्ड भर में

अभव्यानाम्[1] = जिनका कल्याण नहीं है

रमणीयाम् = उनको प्रिय लगने वाले

व्याक्रोशीं = आक्षेप पूर्ण मिथ्या दोष

विदधते = लगाते हैं।

---

१. भगवान् पर दोष लगानेवालों का कहीं भी उद्धार नहीं हो सकता।

किमीहः किंकायः स खलु किमुपायस्त्रिभुवनं
किमाधारो धाता सृजति किमुपादान इति च ।
अतर्क्यैश्वर्ये त्वय्यनवसरदुःस्थो हतधियः
कुतर्कोऽयं कांश्चिन् मुखरयति मोहाय जगतः ॥५॥

किमीहः किंकायः स खलु किमुपायः त्रिभुवनम्
किमाधारः धाता सृजति किमुपादानः इति च ।
अतर्क्यैश्वर्ये त्वयि अनवसरदुःस्थः हतधियः
कुतर्कः अयम् कांश्चित् मुखरयति मोहाय जगतः ॥

त्वयि = आपके
अतर्क्यैश्वर्यें = किसी भी तर्क से जाना नहीं जा सके ऐसे ऐश्वर्यके बारेमें
सः = वह (ईश्वर)
धाता = जगत् का निर्माण करने वाला
किमाधारः = किस पर बैठकर,
किंकायः = किस शरीर से,
किमीहः = किस प्रयत्न द्वारा
किमुपायः = कौन से औजारों से,
किमुपादानः = किस चीज से
त्रिभुवनम् = तीनों लोकों को
सृजति = बनाता है,
च = और
इति = इसी प्रकार के दूसरे
कुतर्कः = (जो ठीक दीखें लेकिन विचार करने पर गलत निकलें ऐसे) कुतर्क
जगतः = संसार को
मोहाय = भ्रम में डालने के लिए
हतधियः = जिनकी बुद्धि मारी गयी है
कांश्चित् = ऐसे कुछ लोगों को
मुखरयति = बकवादी बनाते हैं
खलु = लेकिन
अयम् = यह (कुतर्क)
अनवसर[1]- दुःस्थः = अवकाश रहित और असिद्ध है ।

---

१. साधारण कर्त्ताओं द्वारा ईश्वर विषयक अनुमान किया जाता है, परन्तु वह ईश्वर अभिन्ननिमित्तोपादानकारण है, अतः यह अनुमान से सिद्ध नहीं होता है ।

अजन्मानो लोकाः किमवयववन्तोऽपि जगता-
मधिष्ठातारं किं भवविधिरनादृत्य भवति।
अनोशो वा कुर्याद्भुवनजनने कः परिकरो
यतो मन्दास्त्वां प्रत्यमरवर ! संशेरत इमे ॥६॥

अजन्मानः लोकाः किम् अवयवन्तः अपि जगताम्
अधिष्ठातारम् किं भवविधिः अनादृत्य भवति।
अनीशः वा कुर्यात् भुवनजनने कः परिकरः
यतः मन्दाः त्वां प्रति अमरवर संशेरते इमे ॥

अमरवर ! = हे देव श्रेष्ठ महादेव !
अवयववन्तः = जो टूट सकें ऐसे अङ्ग वाले होने पर
अपि = भी
लोकाः = पृथ्वी स्वर्गादि लोक
किं = क्या
अजन्मानः[1] = उत्पत्ति रहित हो सकते हैं ? (अर्थात् नहीं)
जगताम् = (जब वे लोक उत्पत्ति वाले हैं ता) पृथिव्यादि लोकों की
भवविधिः = उत्पत्ति

अधिष्ठातारम् = कर्त्ता के
अनाहत्य = विना
किं = क्या
भवति = हो सकती है ?
वा = यदि (इस प्रकार संसार का कर्त्ता अवश्य होने पर)
अनीशः = सर्वसमर्थ ईश्वर से भिन्न (कोई)
भुवनजनने = संसार को उत्पन्न
कुर्यात् = करे,
कः = (तो संसार को बनाने क लिए) कौन सी

---

१. संसार में जो-जो खण्डित हो सकते हैं वे सब उत्पत्ति होनेवाले पाये जाते हैं। जैसे घड़े या कपड़े के टुकड़े हो सकते हैं तो वे उत्पत्तिवाले भी होते हैं। सभी लोक इसी प्रकार टुकड़ेवाले हैं अतः उत्पत्तिवाले भी हैं।

परिकरः[1]	= सामग्री (काम में लावेगा ?)	इमे	=	वे
		मन्दाः	=	मूर्ख लोग ही हैं जो
यतः	= इस प्रकार प्रमाणों से ईश्वर के सिद्ध होने के कारण	त्वां	=	आपके
		प्रति	=	बारे में
		संशेरते	=	सन्देह करते हैं

त्रयी सांख्यं योगः पशुपतिमतं वैष्णवमिति
प्रभिन्ने प्रस्थाने परमिदमदः पथ्यमिति च ।
रुचीनां वैचित्र्याद् ऋजुकुटिलनानापथजुषां
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव ॥७॥

त्रयी सांख्यम् योगः पशुपतिमतम् वैष्णवम् इति
प्रभिन्ने प्रस्थाने परम् इदम् अदः पथ्यम् इति च ।
रुचीनाम् वैचित्र्यात् ऋजु-कुटिल-नाना-पथ-जुषाम्
नृणाम् एकः गम्यः त्वम् असि पयसाम् अर्णवः इव ॥

त्रयी	= वैदिक सनातन धर्म,	वैष्णवम्	=	वैष्णवमार्ग
सांख्यम्	= कपिलमुनि प्रणीत सांख्य मार्ग,	इति	=	इतने
		प्रभिन्ने	=	अलग अलग
योगः	= पातञ्जल मार्ग	प्रस्थाने	=	रास्तों में से
पशुपतिमतम्	= शैवमार्ग,	इदम्	=	यह मार्ग

---

१. ईश्वर को छोड़कर सभी लोग किसी सामग्री से ही चीज बनाते हैं। जैसे कुम्हार मिट्टी रूप सामग्री से घड़ा बनाता है। अतः इस संसार का ईश्वर से भिन्न यदि बनानेवाला मानो तो किस सामग्री से उसने बनाया ? वह सामग्री कहाँ थी ? इत्यादि पूर्वश्लोक में कही हुई शंकाएँ उठ खड़ी होंगी। इसलिए ईश्वर को ही संसार का बनानेवाला मानना होगा।

परम्	= सर्वोत्तम है		नृणाम्	= मनुष्यों को,
च	= या		पयसाम्	= नदियों के लिए
अदः	= वह मार्ग		अर्णवः	= समुद्र की
पथ्यम्	= हितकारी है		इव	= तरह,
इति	= ऐसा		त्वम्	= आप ही
रुचीनाम्	= पसन्दताओं के		एकः[1]	= एकमात्र
वैचित्र्यात्	= भिन्न होने से (है)।		गम्यः	= प्राप्त करने के योग्य
ऋजु-कुटिल-नाना-पथ-जुषाम्	= इन सीधे या घुमावदार रास्तों से चलने वाले		असि	= हैं।

महोक्षः खट्वाङ्गं परशुरजिनं भस्म फणिनः
कपालं चेतीयत्तव वरद! तन्त्रोपकरणम्।
सुरास्तां तामृद्धिं विदधति भवद्भ्रूप्रणिहितं
न हि स्वात्मारामं विषयमृगतृष्णा भ्रमयति ॥८॥

महोक्षः खट्वाङ्गम् परशुः अजिनम् भस्म फणिनः
कपालं च इति इयत् तव वरद ! तन्त्रोपकरणम्।
सुराः ताम् ताम् ऋद्धिम् विदधति भवद्भ्रूप्रणिहितम्
न हि स्वात्मारामम् विषयमृगतृष्णा भ्रमयति ॥

वरद !	= हे श्रेष्ठ मोक्ष को देने वाले !		महोक्षः	= एक बूढा बैल,
तव	= आप के		खट्वाङ्गम्	= खाट का एक पाया,
तन्त्रोपकरणम्	= घर की सम्पत्ति		परशुः	= एक फरसा,
			अजिनम्	= एक गज चर्म

---

१. इनमें सनातन वैदिक धर्म सीधा रास्ता है व दूसरे क्रमशः कुटिल मार्ग हैं।

भस्म = राख,
फणिनः = कुछ काले जहरीले साँप
च = और
कपालम् = एक नरमुण्ड
इति = बस
इयत् = ये (सात ही हैं ।)
तु = फिर भी
सुराः = अन्य सारे देवता
भवद्भ्रू-प्रणिहितम् = आपके कृपा कटाक्ष से ही हुई
ताम् = उन
ऋद्धिम् = सम्पत्तियों को (सुदर्शनचक्र, ऐरावत, कल्प वृक्षादि)
विदधति = धारण करते है (अर्थात् भोगते है),
हि = क्योंकि
विषय-मृगतृष्णा = विषयसुखों की मृगतृष्णा का जल
स्वात्मारामम् = चिदानन्दघन स्वरूप में रहने वाले को
न भ्रमयति[1] = भ्रम में नहीं डाल सकता ।

ध्रुवं कश्चित्सर्वं सकलमपरस्त्वध्रुवमिदं
परो ध्रौव्याध्रौव्ये जगति गदति व्यस्तविषये ।
समस्तेऽप्येतस्मिन् पुरमथन ! तैर्विस्मित इव
स्तुवञ्जिह्रेमि त्वां न खलु ननु धृष्टा मुखरता ॥९॥

ध्रुवम् कश्चित् सर्वम् सकलम् अपरः तु अध्रुवम् इदम्
परः ध्रौव्याध्रौव्ये जगति गदति व्यस्तविषये ।
समस्ते अपि एतस्मिन् पुरमथन ! तैः विस्मितः इव
स्तुवन् जिह्रेमि त्वाम् न खलु ननु धृष्टा मुखरता ॥

१. भगवान् शंकर की यही विशेषता है कि बाहर से सम्पत्तिहीन होते हुए भी सर्व सम्पत्तियों के दाता है, अतः भोगमोक्षार्थी दोनों ही को उनकी उपासना कर्त्तव्य है ।

पुरमथन ! = हे स्थूल, सूक्ष्म, कारण देह को नष्ट करके आत्म स्वरूप में स्थित करने वाले !

कश्चित् = कोई (सांख्य, सत्कार्यवादी)

सर्वम् = स्थूल सूक्ष्म सारे संसार को

ध्रुवम् = उत्पत्ति नाश से रहित

गदति = कहता है।

तु = तो

अपरः = दूसरा (बौद्ध-नास्तिकादि असत्कार्यवादी)

इदम् = इन

सकलम् = जड चेतन समेत सारे पदार्थों को

अध्रुवम् = नाश वाला (क्षणिक)

गदति = कहता है।

अपि = और

परः = इन दोनों से अलग मतवाला (नैयायिक आरम्भवादी)

एतस्मिन् = इस

समस्ते = सारे

जगति = विश्व में

ध्रौव्याध्रौव्ये = विनाशी और अविनाशी

व्यस्तविषये = पदार्थ बैठे हुए हैं

गदति = ऐसा कहता है

ननु = तो

मुखरता = उन वादियों की वाचालता

धृष्टा = निर्लज्ज है।

तैः = उन वादियों की उक्तियों से

विस्मितः = अचंभित

इव = सा (होकर भी)

त्वाम् = आप की

स्तुवन् = स्तुति करने में

खलु = अवश्य ही (विवर्तवादी वैदिक मतका अनुसरण करने के कारण)

न जिह्नेमि = मैं लज्जित नहीं होता।

तवैश्वर्यं यत्नाद्यदुपरि विरिञ्चिर्हरिरधः
परिच्छेत्तुं यातावनलमनलस्कन्धवपुषः ।
ततो भक्तिश्रद्धाभरगुरुगृणद्भ्यां गिरिश ! यत्
स्वयं तस्थे ताभ्यां तव किमनुवृत्तिर्न फलति ॥१०॥

तव ऐश्वर्यम् यत्नात् यत् उपरि विरिञ्चिः हरिः अधः
परिच्छेत्तुं यातौ अनलम् अनलस्कन्धवपुषः ।
ततः भक्ति-श्रद्धा-भर-गुरु-गृणद्भ्याम् गिरिश ! यत्
स्वयम् तस्थे ताभ्याम् तव किम् अनुवृत्तिः न फलति ॥

गिरिश !	= हे हिमालय पर्वत पर समाधिमग्न	तव	= आपके
तव	= आपकी	ऐश्वर्यम्	= मूर्तरूप
अनुवृत्तिः	= (कायिक, वाचिक मानसिक) सेवा	परिच्छेत्तुम्	= सीमा का पता लगाने के लिए
किम्	= कौन सा	यत्नात्	= बड़े ही प्रयत्न के साथ
न फलति	= फल नहीं देती ? (मोक्ष पर्यन्त सारे फल देती ही है ।)	उपरि	= ऊपर की तरफ
		विरिञ्चिः	= भगवान् ब्रह्मा
यत्	= क्योंकि	अधः	= (और) नीचे की तरफ
यत्	= जब		
अनलस्कन्ध-वपुषः[1]	= तेजोमयलिङ्गाकार शरीर वाले	हरिः	= भगवान् विष्णु
		यातौ	= गये

१. एक बार भगवान् ब्रह्मा और भगवान् विष्णु में अपनी-अपनी महत्ता के बारे में विवाद हुआ । विवाद हटाने के लिए भगवान् शंकर उनके सामने स्थूल तेजोमय लिङ्गाकार में प्रकट हो गये ।

अनलम् = (लेकिन दिव्य हजारों वर्षों तक के प्रयत्न के बाद-भी) पार नहीं पाया,

ततः = तब (अन्तमें थक कर)

भक्ति-श्रद्धा-भर-गुरु-गृणद्भ्याम् = शरीर से सेवा रूप भक्ति और मन से सेवा रूप श्रद्धा से पूर्णतया युक्त हो कर वाणी से स्तुति करने पर

ताभ्याम् = उन दोनों के सामने

स्वयम् = आप अपने आप

तस्थे = प्रकट हो गये ।

अयत्नादापाद्य त्रिभुवनमवैरव्यतिकरं
दशास्यो यद्बाहूनभृत रणकण्डूपरवशान् ।
शिरःपद्मश्रेणीरचितचरणाम्भोरुहबलेः
स्थिरायास्त्वद्भक्तेस्त्रिपुरहर ! विस्फूर्जितमिदम् ॥११॥

अयत्नात् आपाद्य त्रिभुवनम् अवैरव्यतिकरम्
दशास्यः यत् बाहून् अभृत रणकण्डूपरवशान् ।
शिरः-पद्म-श्रेणी-रचित-चरणाम्भोरुह-बलेः
स्थिरायाः त्वद्भक्तेः त्रिपुरहर ! विस्फूर्जितम् इदम् ॥

त्रिपुरहर ! = हे जीव जगत् और ईश्वर का भेद मिटाने वाले !

शिरः-पद्म[1]-श्रेणी-रचित-चरणाम्भोरुह-बलेः = अपने ही मस्तक रूपी कमलों की पंक्ति को आपके चरण कमलों में भेट रूपसे चढ़ा दिया,

स्थिरायाः = ऐसी अविचल

त्वद्भक्तेः = आपकी भक्ति का (ही)

इदम् = यह

विस्फूर्जितम् = प्रताप (है)

यत् = कि

दशास्यः = दशमुख रावण ने

त्रिभुवनम् = त्रिलोक को

---

१. रावण ने अपने नव सिर महादेवजी को कमल की जगह पर चढ़ाये थे ।

अयत्नात्	=	बिना प्रयत्न के ही	रणकण्डू-	=	युद्ध के लिए खुज-
अवैरव्यक्ति-	=	वैर रहित	परवशान्		जाते हुए
करम्		(निष्कंटक)	बाहून्	=	(अपने बीस) हाथों को
आपाद्य	=	बनाकर (भी)	अभृत	=	धारण किया ।

अमुष्य त्वत्सेवासमधिगतसारं भुजवनं
बलात्कैलासेऽपि त्वदधिवसतौ विक्रमयतः ।
अलभ्या पातालेऽप्यलसचलिताङ्गुष्ठशिरसि
प्रतिष्ठा त्वय्यासीद्ध्रुवमुपचितो मुह्यति खलः ॥१२॥

अमुष्य त्वत् सेवासमधिगतसारम् भुजवनम्
बलात् कैलासे अपि त्वदधिवसतौ विक्रमयतः ।
अलभ्या पाताले अपि अलस-चलिताङ्गुष्ठ-शिरसि
प्रतिष्ठा त्वयि आसीद् ध्रुवम् उपचितः मुह्यति खलः ॥

कैलासे	=	कैलास में	बलात्	=	अत्यन्त बहादुरी के साथ
त्वदधिवसतौ	=	आपके रहने पर			
अपि	=	भी,	विक्रमयतः	=	आजमाने वाले
त्वत्सेवा-	=	आपकी सेवा से ही	अमुष्य	=	उस (रावण) को,
समाधिगत-		पाये हुए बल से	त्वयि	=	आपके
सारम्		बलवान्	अलस-	=	अँगूठे का ऊपरी
			चलिताङ्-		भाग अनायास ही
भुजवनम्	=	अपने (बीस) हाथों रूपी वनको	गुष्ठ शिरसि		धीरे से हिल जाने के कारण

१. रावण की ललकार से ही सब लोगों ने हार मान ली अतः उसकी युद्ध की इच्छा पूर्ण नहीं हुई । अतः उसके हाथ युद्ध के लिए खुजलाते ही रहते थे ।

पाताले = पाताल में
अपि = भी
प्रतिष्ठा = टिकाव (स्थान)
अलभ्या = नहीं मिला
आसीत् = था ।

खलः = कृतघ्न पुरुष
उपचितः = समृद्ध होने पर
ध्रुवम् = उपकारी को
मुह्यति = अवश्य ही भूल जाता है ।

यदृद्धिं सुत्राम्णो वरद ! परमोच्चैरपि सती-
मधश्चक्रे बाणः परिजनविधेयस्त्रिभुवनः ।
न तच्चित्रं तस्मिन् वरिवसितरि त्वच्चरणयो-
र्न कस्याप्युन्नत्यै भवति शिरसस्त्वय्यवनतिः ॥१२॥

यत् ऋद्धिम् सुत्राम्णः वरद ! परमोच्चैः अपि सतीम्
अधः चक्रे बाणः परिजन-विधेयः त्रिभुवनः ।
न तत् चित्रम् तस्मिन् वरिवसितरि त्वच्चरणयोः
न कस्य अपि उन्नत्यै भवति शिरसः त्वयि अवनतिः ॥

वरद ! = हे समस्त भोगों को विना भोगे ही अपने भक्तों को देनेवाले !
परिजन-विधेय-त्रिभुवनः = त्रिलोकी को दास की तरह अधीन रखने वाले
वाणः = वाणासुर ने
परमोच्चैः = सबसे बढ़े चढ़े
सतीम् = हुए
सुत्राम्णः = इन्द्र के
ऋद्धिम् = ऐश्वर्य को

अपि = भी
यत् = जो (अपने वैभवसे)
अधः = नीचा
चक्रे = कर दिया
तत् = वह
त्वच्चरणयोः = आपके चरणों की
वरिवसितरि = नमस्कारादि सेवा करने वाले
तस्मिन् = उस वाणासुर में
चित्रम् = कोई आश्चर्य (की बात)

न = नहीं है।
त्वयि = (क्योंकि) आपके चरणों में
शिरसः = मस्तक का
अवनतिः[1] = झुकना (नमस्कार करना)

कस्य = किसकी कौनसी
उन्नत्यै = उन्नति के लिए
न = नहीं
भवति = होता है ? अर्थात् सबकी ही सम्पूर्ण उन्नति कर देता है।

अकाण्डब्रह्माण्डक्षयचकितदेवासुरकृपा-
विधेयस्यासीद्यस्त्रिनयनविषं संहृतवतः ।
स कल्माषः कण्ठे तव न कुरुते न श्रियमहो
विकारोऽपि श्लाघ्यो भुवनभयभङ्गव्यसनिनः ॥१४॥

अकाण्ड–ब्रह्माण्ड–क्षय–चकित–देवासुर–कृपा–
विधेयस्य आसीत् यः त्रिनयन विषम् संहृतवतः ।
सः कल्माषः कण्ठे तव न कुरुते न श्रियम् अहो
विकारः अपि श्लाघ्यः भुवन-भय-भङ्ग-व्यसनिनः ॥

त्रिनयन ! = हे सूर्यचन्द्र और अग्निरूपी आँख वाले !
अकाण्डे[2]- = असमय में ही

ब्रह्माण्डक्षय-चकित-देवासुर-कृपा-विधेयस्य कालकूट जहर के प्रभाव से ब्रह्माण्ड के महा प्रलयकी सम्भावनासे आश्चर्य

---

१. भगवान् के सामने अपने को नीचा करने से (प्रणाम करने से) संसार में सबसे ऊँचा हो जाता है यही आश्चर्य है।

२. अमृत मन्थन के समय जब कालकूट नाम का प्रलयंकर जहर निकला तो सभी डर गये। अन्त में विष्णु भगवान् के नेतृत्व में सभी ने महादेवजी की शरण ली। उन्होंने उसे सहज ही पीकर गले में धारण कर लिया। इसी से आप 'नीलकण्ठ' हो गये।

	चकित देवता और राक्षसों पर दया के वशीभूत होकर	श्रियम्	=	(आपके गले को) सुन्दर
विषं	= उस कालकूट जहर को	न कुरुते	=	नहीं बनाता है
		न	=	ऐसा नहीं (अर्थात् बनाता ही है)।
		अहो	=	आश्चर्य है कि
संहृतवतः	= (आपने) पी लिया	भुवनभय-भङ्ग-व्यसनिनः	=	समस्त संसारके भय को नाश करने के स्वभाव वाले का
तव	= आपके	विकारः	=	असौन्दर्य
कण्ठे	= गले में	अति	=	भी
यः	= (उससे) जो	श्लाघ्यः	=	प्रशंसनीय हो जाता है।
कल्माषः	= काला दाग			
आसीत्	= हो गया			
सः	= वह दाग			

असिद्धार्था नैव क्वचिदपि सदेवासुरनरे
निवर्तन्ते नित्यं जगति जयिनो यस्य विशिखा।
स पश्यन्नीश ! त्वामितरसुरसाधारणभूत्
स्मरः स्मर्तव्यात्मा न हि वशिषु पथ्यः परिभवः ॥१५॥

असिद्धार्थाः न एव क्वचित् अपि सदेवासुरनरे
निवर्तन्ते नित्यं जगति जयिनः यस्य विशिखाः।
सः पश्यन् ईश ! त्वाम् इतर-सुर-साधारणम् अभूत्
स्मरः स्मर्तव्यात्मा न हि वशिषु पथ्यः परिभवः ॥

ईश !	= हे ब्रह्माण्ड का शासन करने वाले !	नित्यं	= हमेशा
यस्य	= जिस	जयिनः	= जीतने वाले (कामदेव के)

विशिखाः	=	वाण	पश्यन्	=	समझने के कारण
सदेवासुरनरे	=	देवता, राक्षस, मनुष्य युक्त	स्मर्तव्यात्मा[1]	=	(उसका शरीर) केवल स्मरण का विषय
जगति	=	संसार में			
क्वचिद्	=	कभी किसी पर			
अपि	=	भी	अभूत्	=	हो गया (अर्थात् वह मर गया
असिद्धार्थाः	=	अपने कार्य किये बिना	हि	=	और यह उचित भी है) क्योंकि
निवर्तन्ते	=	वापस लौटते			
एव	=	ही	वशिषु	=	शरीर इन्द्रिय मन को वश में करने वालों का
न	=	नहीं			
सः	=	(ऐस प्रतापी) वह			
स्मरः	=	कामदेव			
त्वां	=	आपको	परिभवः	=	अपमान
इतरसुर-साधारणम्	=	अन्य देवताओं के समान	पथ्यः	=	लाभदायक
			न	=	नहीं होता

---

१. कामदेव सभी को पीड़ित करने में समर्थ है, अतः उसको बड़ा घमण्ड था। जब तारकासुर किसी से भी नहीं मरा तो देवताओं ने सोचा कि महादेवजी के पुत्र द्वारा ही इसका वध हो सकता है। लेकिन भगवान् शङ्कर उस समय समाधिस्थ थे, अतः देवताओं ने कामदेव को उन्हें जगाने के लिए भेजा। अपनी सारी शक्तियों के साथ उसने महादेवजी पर आक्रमण किया। समाधि में विक्षेप हुआ। भगवान् शंकर के नेत्र खुल गये। चारों तरफ नजर डालने पर पता लगा कि यह कामदेव की उद्दण्डता थी। कामदेव गर्व में भूल गया था कि उन महादेव की कृपा से ही वह जगद्विजयी बना था। तीसरा नेत्र खुला और क्षण भर में उस जगद्विजयी की जगह पर केवल भस्म की ढेरी उस कामदेव की स्मृति में रह गयी।

महीं पादाघाताद्व्रजति सहसा संशयपदं
पदं विष्णोर्भ्राम्यद्भुजपरिघरुग्णग्रहगणम् ।
मुहुर्द्यौर्दौस्थ्यं यात्यनिभृतजटाताडिततटा
जगद्रक्षायै त्वं नटसि ननु वामैव विभुता ॥१६॥

मही पादाघाताद् व्रजति सहसा संशयपदम्
पदम् विष्णोः भ्राम्यद्-भुज-परिघ-रुग्ण-ग्रहगणम् ।
मुहुः द्यौः दौस्थ्यम् याति अनिभृत-जटा-ताडित-तटा
जगद्रक्षायै त्वम् नटसि ननु वामा एव विभुता ॥

(नटराज !)	=	(हे नटराज शंकर ! जव)	व्रजति	=	प्राप्त हो जाती है (अर्थात् मैं बचूंगी या नष्ट हो जाऊँगी)
त्वं	=	आप	विष्णोः	=	(तथा) भगवान् विष्णु का
जगद्रक्षायै	=	संसार की रक्षा के लिए (कालबल-नामक राक्षस को मोहित करने के लिये)	पदम्	=	लोक वैकुण्ठ) और सारे ग्रह भी
नटसि	=	ताण्डव नृत्य करते हैं (तव)	भ्राम्यद्भुज-परिघरुग्ण-ग्रहगणम्	=	अत्यन्त मजबूत और लम्बी शूल सदृश भुजाओं के घुमाने से घबरा जाते हैं ।
मही	=	पृथिवी	द्यौः	=	आकाश
पादाघाताद्	=	ताल देने के लिए की हुई पैर की चोट से	अनिभृतजटा-ताडिततटा	=	खुली हुई जटा का भाग एक देश में लग जाने के कारण
सहसा	=	अकस्मात्			
संशयपदं	=	अपने बचने के बारे में शंका को	मुहुः	=	बार-बार

दौस्थ्यम्	=	अस्थिर
याति	=	हो रहा हैं।
ननु	=	अहो
विभुता	=	ऐश्वर्य
वामा	=	विपरीत
एव	=	ही फल देता है। (अर्थात् रक्षा के कार्य में भी लोगों को कुछ कष्ट हो ही जाता है। जैसे किसी राजा के प्रजा को बचाने के लिए युद्ध करने पर भी प्रजा को कुछ कष्ट हो ही जाता हैं।)

वियद्व्यापी तारागणगुणितफेनोद्गमरुचिः
प्रवाहो वारां यः पृषतलघुदृष्टः शिरसि ते।
जगद्द्वीपाकारं जलधिवलयं तेन कृतमि—
त्यनेनैवोन्नेयं धृतमहिम दिव्यं तव वपुः ॥१७॥

वियद्व्यापी तारागणगुणितफेनोद्गमरुचिः
प्रवाहः वारां यः पृषतलघुदृष्टः शिरसि ते।
जगद् द्वीपाकारं जलधिवलयं तेन कृतम् इति
अनेन एव उन्नेयम् धृतमहिम दिव्यम् तव वपुः ॥

वियद्व्यापी	=	आकाश भर में व्याप्त
तारागण-गुणितफेनोद्गमरुचिः	=	ताराओं के प्रति-विम्ब से बुदबुदों की शोभा बढ़ गयी है जिस
वारां	=	जल के
प्रवाहः	=	प्रवाह की
ते	=	(वह गंगा) आप के
शिरसि	=	शिर में
पृषतलघुदृष्टः[1]	=	बिन्दु से भी छोटी प्रतीत होती थी।

१. गंगावतरण के समय शङ्कर भगवान् ने गङ्गा को अपनी जटा में रख लिया था और वहाँ वह बिन्दु के समान दीखती थी। उसी गंगा ने अगस्त्य ऋषि के पी लेने के कारण खाली हुए समुद्र को फिर से भर दिया।

तेन	= उसी गंगाजलने	दिव्यम्	= सर्व देवताओं के शासक
जगत्	= संसार को	वपुः	= शरीर ने
जलधिवलयम्	= जलसमुद्र से घेरकर	धृतमहिम	= (कैसी) विशाल महिमा को धारण किया है
द्वीपाकारम्	= दीप की शकल का	इति	= इसका
कृतम्	= बना दिया	उन्नेयम्	= पता लगाया जा सकता है।
अनेन	= इससे		
एव[1]	= ही		
तव	= आपके		

रथः क्षोणी यन्ता शतधृतिरगेन्द्रो धनुरथो
रथाङ्गे चन्द्रार्कौ रथचरणपाणिः शर इति।
दिधक्षोस्ते कोऽयं त्रिपुरतृणमाडम्बरविधि-
र्विधेयैः क्रीडन्त्यो न खलु परतन्त्राः प्रभुधियः ॥१८॥

रथः क्षोणी यन्ता शतधृतिः अगेन्द्रः धनुः अथो
रथाङ्गे चन्द्रार्कौ रथचरणपाणिः शरः इति।
दिधक्षोः ते कः अयम् त्रिपुरतृणां आडम्बरविधिः
विधेयैः क्रीडन्त्यः न खलु परतन्त्राः प्रभुधियः ॥

क्षोणी	= पृथ्वी को	चन्द्रार्कौ	= सूर्य और चन्द्रमा को
रथः	= रथ	रथाङ्गे	= रथ के पहिये,
शतधृतिः	= ब्रह्म को	अथो	= और
यन्ता	= सारथी,	रथचरणपाणिः	= चक्रपाणि भगवान् विष्णु को
अगेन्द्रः	= सुमेरु पर्वत को		
धनुः	= धनुष,		

१. यह एक ही प्रमाण आपकी महानता के लिए पर्याप्त है।

शरः	= बाण	विधिः	= पूर्ण तैयारी
इति	= इस प्रकार	खलु	= ठीक ही है
त्रिपुरतृणं	= त्रिपुरासुररूपी तिनके को	विधेयैः	= स्वतन्त्रता से
दिधक्षोः	= जलाने की इच्छा वाले	क्रीडन्त्यः[1]	= खेलते हुए
ते	= आपकी	प्रभुधियः	= सर्वेश्वर की संकल्परूपी बुद्धि
अयम्	= यह	परतन्त्रताः	= किसी अन्यके उचितानुचित विचारकी अपेक्ष
कः	= क्या		
आडम्बर	= अद्भुत आडम्बर	न	= नहीं रखती

हरिस्ते साहस्रं कमलबलिमाधाय पदयो-
र्यदेकोने तस्मिन्निजमुदहरन् नेत्रकमलम् ।
गतो भक्त्युद्रेकः परिणतिमसौ चक्रवपुषा
त्रयाणां रक्षायै त्रिपुरहर ! जागर्ति जगताम् ॥१९॥

हरिः ते साहस्रम् कमलबलिम् आधाय पदयोः
यत् एकोने तस्मिन् निजम् उदहरन् नेत्रकमलम् ।
गतः भक्त्युद्रेकः परिणतिम् असौ चक्रवपुषा
त्रयाणाम् रक्षायै त्रिपुरहर ! जागर्ति जगताम् ॥

त्रिपुरहर !	= हे त्रिपुरासुर नाशक !	हरिः	= भगवान् विष्णु ने
		ते	= आपके

---

१. लौकिक पुरुष अनायास होने वाले कार्य के लिए बड़ी तैयारी नहीं करते । महादेवजी कटाक्ष से भी त्रिपुरासुरको नष्ट करने में समर्थ होने पर भी इतनी बड़ी तैयारी केवल खेल के लिए करते हैं । यही उनका ऐश्वर्य है ।

पदयोः = चरणों में
साहस्रम् = एक हजार
कमलबलिम् = कमलों की भेंट
आधाय = चढ़ाने का संकल्प करके
तस्मिन् = उन (कमलों) में से
एकोने = एक कम हो जाने पर
यत् = जो
निजम् = अपने
नेत्रकमलम् = आँखरूपी कमल को
उदहरन् = उखाड़ा,
असौ = वही
भक्त्युद्रेकः = भक्ति का आधिक्य
चक्रवपुषा = सुदर्शनचक्र रूप में
परिणति = बदल
गतः = गया,
त्रयाणाम् = (और भगवान् विष्णु अब) उसी सुदर्शन से तीनों
जगताम् = लोकों की
रक्षायै = रक्षा करने में
जागर्ति = सावधान रहते हैं।

क्रतौ सुप्ते जाग्रत्त्वमसि फलयोगे क्रतुमतां
क्व कर्म प्रध्वस्तं फलति पुरुषाराधनमृते।
अतस्त्वां सम्प्रेक्ष्य क्रतुषु फलदानप्रतिभुवं
श्रुतौ श्रद्धां बद्ध्वा कृतपरिकरः[3] कर्मसु जनः ॥२०॥

---

१. भगवान् विष्णु प्रतिदिन १००० कमलों से शिवजी की पूजा करते हैं। एक बार उनकी भक्ति की परीक्षा करने के लिए शिवजी ने एक कमल को गुप्त कर दिया। पूजा करने बैठने के बाद बिना पूर्ण किये उठने से नियम भङ्ग हो जायगा अतः भगवान् विष्णु ने सोचा कि अपना नेत्र कमल ही क्यों न चढ़ा दें। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर शङ्कर ने उन्हें सुदर्शन चक्र दे दिया।

२. भक्ति तो एक भगवान् विष्णु ने की और रक्षा सारे जगत् की हो गयी, यही महादेव की भक्ति का अचिन्त्य माहात्म्य है।

३. "दृढपरिकरः" पाठ भेद है।

क्रतौ सुप्ते जाग्रत् त्वम् असि फलयोगे क्रतुमताम्
क्व कर्म प्रध्वस्तं फलति पुरुषाराधनम् ऋते।
अतः त्वाम् सम्प्रेक्ष्य क्रतुषु फलदानप्रतिभुवं
श्रुतौ श्रद्धां बद्ध्वा कृतपरिकरः कर्मसु जनः॥

प्रध्वस्तम्	= समाप्त होते ही नष्ट हुआ	असि	= हैं,
कर्म	= कर्म	अतः	= इसलिए
पुरुषाराधनम्	= चेतन तत्त्व की उपासना के	त्वाम्	= आपको
ऋते	= विना	क्रतुषु	= वैदिक और स्मार्त कर्मों के
क्व	= कहाँ और कब	फलदानप्रति-भुवम्	= फल देने में संलग्न
फलति	= फल देता है?	सम्प्रेक्ष्य	= जानकर
क्रतौ	= (फिर भी) यज्ञ, जप, पूजादि	जनः	= अधिकारी लोग
सुप्ते	= नष्ट हो जाने पर	श्रुतौ	= वेद में
क्रतुमताम्	= यज्ञादि कर्म करने वालों को	श्रद्धां	= अत्यन्त विश्वास
फलयोगे	= फल देने में	बद्ध्वा	= रख कर
त्वम्	= आप	कर्मसु	= वैदिक कर्म में
जाग्रत्	= सावधान	कृतपरिकरः	= उद्यम प्रारम्भ करते हैं।

---

१. प्रत्येक कार्य समाप्त होते ही नष्ट हो जाता है। परन्तु राजा आदि के सेवा रूप कार्य के समाप्त होने के बाद भी राजा उसका भविष्य में फल देता है। इसी प्रकार पूजा जप आदि कार्य तो नष्ट हो जाते हैं, परन्तु भविष्य में उनके फल देने वाले चेतन तत्त्व भगवान् सदाशिव मौजूद हैं। इससे जो सांख्यादिक ईश्वर को नहीं मानते उनका पराभव हो गया क्योंकि जो जड चीज है, वह देश काल के व्यवधान से, फल देने में असमर्थ है।

क्रियादक्षो दक्षः क्रतुपतिरधीशस्तनुभृता–
मृषीणामार्त्विज्यं शरणद ! सदस्याः सुरगणाः ।
क्रतुभ्रेषस्त्वत्तः[1] क्रतुफलविधानव्यसनिनो
ध्रुवं कर्तुः श्रद्धाविधुरमभिचाराय हि मखाः ॥२१॥

क्रियादक्षः दक्षः क्रतुपतिः अधीशः तनुभृताम्
ऋषीणाम् आर्त्विज्यम् शरणद ! सदस्याः सुरगणाः ।
क्रतुभ्रेषः त्वत्तः क्रतुफलविधानव्यसनिनः
ध्रुवम् कर्तुः श्रद्धाविधुरम् अभिचाराय हि मखाः ॥

शरणद ! = हे भूतप्रेतादिको भी शरण देने वाले !
क्रतु-फल-विधान-व्यसनिनः = यज्ञ का स्वर्गादि फल देने वाले
त्वत्तः = आप से,
क्रियादक्षः = (जिस यज्ञ में) यज्ञादि क्रिया में प्रवीण
तनुभृताम् = सभी प्राणियों के
अधीशः = स्वामी
दक्षः[2] = दक्ष प्रजापति स्वयं

क्रतुपतिः = यजमान (थे)
ऋषीणाम् = त्रिकाल दर्शी भृगु आदि महर्षियों की
आर्त्विज्यम् = पुरोहितता (थी)
सुरगणाः = (और) ब्रह्मा विष्णु आदि देवता
सदस्याः = दर्शक (थे)
क्रतुभ्रेषः = ऐसे यज्ञ का नाश हुआ,
हि = क्योंकि

१. "भ्रन्शः" पाठ भेद भी है ।

२. दक्ष प्रजापति का यज्ञ सब विधियों से पूर्ण होने पर भी एक शिव शक्ति से रहित होने के कारण नष्ट हुआ तो साधारण मनुष्यों के कार्य यदि भगवद्भक्ति से रहित होने पर फल न दें तो क्या आश्चर्य है । शिव भक्ति से ही सारे कार्य पूर्णता को प्राप्त होते हैं ।

श्रद्धाविधुरम् = श्रद्धा भक्ति के बिना किये हुए
मखाः = यज्ञ, पूजा, जप आदि
कर्तुः = करने वाले का
अभिचाराय = नाश
ध्रुवम् = अवश्य ही करते हैं।

प्रजानाथं नाथ प्रसभमभिकं स्वां दुहितरं
गतं रोहिद्भूतां रिरमयिषुमृष्यस्य वपुषा।
धनुष्पाणेर्यातं दिवमपि सपत्राकृतममुं
त्रसन्तं तेऽद्यापि त्यजति न मृगव्याधरभसः ॥२२॥

प्रजानाथं नाथ ! प्रसभम् अभिकम् स्वाम् दुहितरम्
गतं रोहिदभूताम् रिरमयिषुम् ऋष्यस्य वपुषा।
धनुष्पाणेः यातम् दिवम् अपि सपत्राकृतम् अमुम्
त्रसन्तम् ते अद्य अपि त्यजति न मृगव्याधरभसः ॥

नाथ ! = हे दुष्टों का दमन करने वाले !
रोहिदभूताम् = लज्जा से हरिणी बनी हुई
स्वाम् = अपनी ही
दुहितरम् = पुत्री से (सन्ध्या से)
प्रसभम् = जबर्दस्ती
ऋष्यस्य = मृग के
वपुषा = शरीर द्वारा
रिरमयिषुम् = रमण करने की इच्छा
गतम् = से गये हुए
अभिकम् = काम से मर्यादा के उल्लंघन करने वाले
प्रजानाथम् = धर्म प्रवर्तक ब्रह्मा को
दिवम्[1] = आकाश में
यातम् = चले जाने पर

---

१. ब्रह्मा आकाश में जाकर मृगशिरा नक्षत्र बन गया। तो भगवान् शङ्कर का अमोघ बाण भी आर्द्रा नक्षत्र बन गया। मृगशिरा के पीछे आर्द्रा नक्षत्र चलता है। इसी पर यह रूपक है।

अपि	= भी		सपत्राकृतम्	= पर समेत तीर के घुसने की पीड़ा से
ते	= आपके		त्रसन्तम्	= डरते हुए
धनुष्पाणेः	= हाथ के धनुष से छूटा हुआ		अमुम्	= उसको (ब्रह्माको)
			अद्य	= आज
मृगव्याध-रभसः	= हरिणों को मारते वाले व्याधके समान उत्साही वाण		अपि	= भी
			न	= नहीं
			त्यजति	= छोड़ता है।

स्वलावण्याशंसाधृतधनुषमह्नाय तृणवत्
पुरः प्लुष्टं दृष्ट्वा पुरमथन ! पुष्पायुधमपि ।
यदि स्त्रैणं देवी यमनिरत ! देहार्धघटना–
दवैति त्वामद्धा बत वरद ! मुग्धा युवतयः ॥२३॥

स्वलावण्याशंसाधृतधनुषम् अह्नाय तृणवत्
पुरः प्लुष्टं दृष्ट्वा पुरमथन ! पुष्पायुधम् अपि ।
यदि स्त्रैणं देवी यमनिरत ! देहार्धघटनात्
अवैति त्वाम् अद्धा बत वरद ! मुग्धाः युवतयः ॥

पुरमथन	= हे प्रलय काल में समस्त संसार का नाश करने वाले !		पुरः	= अपने सामने ही
			तृणवत्	= तिनके की तरह
			आह्नाय	= शीघ्र
स्वलावण्या-शंसाधृतध-नुषम्	= अपने सौन्दर्य पर विश्वास रख कर भगवान् शंकर पर धनुष तानने वाले		प्लुष्टं	= जला हुआ
			दृष्ट्वा	= देखकर
			अपि	= भी
			यदि	= अगर
पुष्पायुधम्	= कामदेव को		देवी	= पार्वती

त्वाम्	=	आपको
देहार्धघटनात्[1]	=	अर्धनारीश्वर रूप धारण करने के कारण
स्त्रैणम्	=	नारी के अधीन
अवैति	=	समझे (तो)
यमनिरत[2] !	=	हे यमादि योग परायण !
वरद !	=	पार्वती को अति दुर्लभ वामाङ्ग में वाले
अद्धा	=	ठीक ही है
वत	=	(क्यों) अहो
युवतयः	=	(नवयुवतियाँ) रमणियाँ
मुग्धाः	=	(स्वभाव से ही) समझहीन अज्ञानी हुआ करती हैं।

श्मशानेष्वाक्रीडा स्मरहर ! पिशाचाः सहचरा–
श्चिताभस्मालेपः स्त्रगपि नृकरोटी परिकरः ।
अमङ्गल्यं शीलं तव भवतु नामैवमखिलं
तथापि स्मर्तॄणां वरद ! परमं मङ्गलमसि ॥२४॥

श्मशानेषु आक्रीडा स्मरहर ! पिशाचाः सहचराः
चिताभस्मालेपः स्त्रक् अपि नृकरोटी परिकरः ।
अमङ्गल्यम् शीलम् तव भवतु नाम एवम् अखिलम्
तथा अपि स्मर्तॄणाम् वरद ! परमम् मंगलम् असि ॥

---

१. "पार्वती ने मेरे लिए बड़ा तप किया है और दुःख उठाया है इसलिए उसे विरह दुःख से उबार लूँ" इस इच्छा से भगवान् शङ्कर ने उनको अपने अत्यन्त दुर्लभ वामाङ्ग में धारण कर लिया । यही अर्धनारीश्वर रूप है ।

२. इस सम्बोधन से भगवान् का सर्वदा जितेन्द्रियत्व बताया गया है । इसलिए वे नारी के अधीन कभी नहीं हो सकते ।

स्मरहर ! = हे कामनाओं के नाशक !
पिशाचाः = भूत प्रेतों की
सहचराः = दोस्तो,
श्मशानेषु = श्मशान में
आक्रीडा = आनन्द से खेलना
चिताभस्मा- लेपः = मुरदे की राख का शरीर में अङ्गराग,
नृकरोटी = मनुष्यों के खोपड़ियों की
स्रक् = माला,
अपि = और भी (गजचर्मादि)
परिकरः = आपकी सम्पत्ति,
एवम् = तथा इस प्रकार का
तव = आपका
अखिलम् = सम्पूर्ण
शीलम् = रहने का ढंग (चरित)
अमङ्गल्यम् = अमाङ्गलिक
भवतु नाम = भले ही प्रतीत हो
तथा = फिर
अपि = भी
वरद ! = हे सारी कामनाओं को पूर्ण करने वाले !
स्मर्तृणाम् = (आपका) स्मरण करने वालों के तो आप
परमम् = निरतिशय
मंगलम् = मंगलरूप (मोक्ष पद)
असि = हैं।[1]

मनः प्रत्यक्चित्ते सविधमवधायात्तमरुतः
प्रहृष्यद्रोमाणः प्रमदसलिलोत्सङ्गितदृशः ।
यदालोक्याह्लादं ह्रद इव निमज्यामृतमये
दधत्यन्तस्तत्त्वं किमपि यमिनस्तत्किल भवान् ॥२५॥

---

१. इससे "मङ्गल कामना वालों को शिव स्मरण नहीं करना चाहिए" ऐसा कहने वालों का पराभव हो गया।

मनः प्रत्यक् चित्ते सविधम् अवधाय आत्तमरुतः
प्रहृष्यद् रोमाणः प्रमदसलिलोत्सङ्गितदृशः ।
यत् आलोक्य आह्लादम् ह्रदे इव निमज्य अमृतमये
दधति अन्तः तत्वम् किम् अपि यमिनः तत् किल भवान् ॥

यमिनः = शमादि साधन सम्पन्न परमहंस संन्यासी
चित्ते = हृदय के दहराकाश में
प्रत्यक् = (बहिर्विषयों से हटे हुए) अन्तर्मुख
मनः = मन को
अवधाय = वृत्ति रहितकर के,
सविधम् = श्रुति स्मृति में बताई हुई रीति से
आत्तमरुतः = प्राणों का अवरोध करके
प्रहृष्यद् = प्रसन्नता से
रोमाणः = रोमाञ्चित (और)
प्रमदसलिलोत्सङ्गितदृशः = आनन्द से जल पूर्ण नेत्रों से युक्त होकर
यत् = जिस
किम् = किसी एक अनिर्वचनीय

अपि = ही
तत्त्वम् = तत्त्व सच्चिदानन्द का
आलोक्य = वेदान्त वाक्यों द्वारा अखण्डाकार वृत्ति से साक्षात्कार करके
अमृतमये = अमृत से भरे
ह्रदे = तालाब में
निमज्य = मग्न हुए
इव = समान
अन्तः = अन्दर ही अन्दर बाह्य सुख से (विलक्षण)
आह्लादम् = निरतिशय सुख को
दधति = धारण करते हैं
तत् = वह (निरशितय-सुख)
किल = श्रुतियों में प्रसिद्ध
भवान् = आप ही हैं।[1]

---

१. इस श्लोक में जीव के रूप का निरूपण और स्वरूप साक्षात्कार की साधना को बताया ।

त्वमर्कस्त्वं सोमस्त्वमसि पवनस्त्वं हुतवह–
स्त्वमापस्त्वं व्योम त्वमु धरणिरात्मा त्वमिति च ।
परिच्छिन्नामेवं त्वयि परिणता बिभ्रतु गिरं
न विद्मस्तत्तत्वं वयमिह तु यत्त्वं न भवसि ॥२६॥

त्वम् अर्कः त्वम् सोमः त्वम् असि पवनः त्वम् हुतवहः
त्वम् आपः त्वम् व्योम त्वम् उ धरणिः आत्मा त्वं इति च ।
परिच्छिन्नाम् एवम् त्वयि परिणताः बिभ्रतु गिरम्
न विद्मः तत् तत्त्वम् वयम् इह तु यत् त्वम् न भवसि ॥

त्वम्	= आप (ही)	धरणिः	= धरती (हैं)
अर्कः	= सूर्य (हैं)	च	= और
त्वम्	= आप (ही)	त्वम्	= आप
सोमः	= चन्द्रमा (हैं)	उ	= ही
त्वम्	= आप (ही)	आत्मा	= आतमा
पवनः	= वायु (हैं)	असि	= हैं,
त्वम्	= आप (ही)	इति	= बस (इतना ही)
हुतवहः	= अग्नि (हैं)	एवम्	= (आप का रूप इस प्रकार है)
त्वम्	= आप (ही)	परिणताः[1]	= पण्डित लोग
आपः	= जल (हैं)	त्वयि	= आपके बारे में
त्वम्	= आप (ही)	परिच्छिन्नाम्	= संकुचित
व्योम	= आकाश (हैं)	गिरम्	= वाणी
त्वम्	= आप (ही)		

१. यहाँ भगवान् को सीमित करने वालों का उपहास करने के लिए उन्हें पण्डित कहा है । इस श्लोक में ईश्वर के रूप का निरूपण किया गया है ।

विभ्रतु	= प्रकाशित करते हैं।	न	= नहीं
वयम्	= हम	भवसि	= हों,
तु	= तो	तत्	= उस
इह	= इस संसार में,	तत्त्वम्	= वस्तु को (ही)
यत्	= जो	न	= नहीं
त्वम्	= आप	विद्मः	= जानते हैं

त्रयी तिस्रो वृत्तीस्त्रिभुवनमथो त्रीनपि सुरा–
नकाराद्यैवर्णैस्त्रिभिरभिदधत्तीर्णविकृति ।
तुरीयं ते धाम ध्वनिभिरवरुन्धानमणुभिः
समस्तं व्यस्तं त्वां शरणद ! गृणात्योमिति पदम् ॥२७॥

